हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 8 मार्च 2026



### घरेलू सिलेंडर 60 रुपए और व्यावसायिक के दाम 115 रुपए तक बढ़े

# गैस सिलेंडर 60 रुपए महंगा, साढ़े पांच लाख परिवारों पर पड़ेगा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

देशभर में तेल कंपनियों ने रसोई गैस सिलेंडर के दाम में बढ़ोत्तरी कर दी है। शनिवार से लागू नई दर के अनुसार घरेलू सिलेंडर यानी रसोई के लिए उपयोग किए जाने सिलेंडर के दाम में 60 रुपए का इजाफा किया गया है। वहीं कामर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में 115 रुपए की बढ़ोत्तरी की गई है। इस बढ़ोत्तरी का सीधा असर अविभाजित राजनांदगांव जिले के साढ़े पांच लाख परिवारों पर देखने को मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि देशभर में गैस सिलेंडर की कीमतें तेल कंपनिया ही तय करती है। ऐसे में ईरान और इजराइल व अमेरिका के बीच जारी युद्ध का असर तेल की कीमतों पर देखने को मिल रहा है। यही कारण है कि देशभर में शनिवार से रसोई गैस सिलेंडर के साथ ही व्यावसायिक गैस सिलेंडर के दामों में इजाफा कर दिया गया है। हालांकि तेल कंपनियां यह भी कह रही है कि घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में लंबे समय के बाद बढ़ोत्तरी की गई है। इधर शनिवार से दाम बढ़ने के बाद अब उपभोक्ताओं को अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है।



### हजार के करीब पहुंची कीमत

जिले में 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 60 रुपए की बढ़ोतरी के बाद 14.2 किलो वाले घरेलू सिलेंडर 937 रुपए से बढ़कर 997 हो गए हैं। इसी तरह 19 किलो वाले कामर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत भी 115 रुपए बढ़ी है। जिसके बाद की कीमत अब 1985 रुपए से बढ़कर 2100 रुपए के करीब पहुंच गई है। ज्ञात हो कि कामर्शियल गैस के दाम बढ़ने का मतलब होटल, रेस्टोरेंट और फूड स्टोर्स बिजनेस पर इसका असर होगा।

### जल्दबाजी में हो रही बुकिंग

ईरान-इजराइल युद्ध को देखते हुए अब गैस उपभोक्ता हड़बड़ी में बुकिंग करते नजर आ रहे हैं। शनिवार को गैस के दाम बढ़ने के बावजूद कंपनियों के गोदाम के बाहर लोगों की भीड़ देखने को मिली। एजेंसी संचालकों के मुताबिक लोग युद्ध को देखते हुए इसलिए परेशान हैं कि कहीं आने वाले समय में सप्लाई का शार्टेज ना हो जाए। जबकि भारत सरकार ने यह साफ कर दिया है कि देश में मौजूदा स्थिति में गैस की कोई कमी नहीं है।

### उज्जवला उपभोक्ताओं पर भी बढ़ा बोझ

राजनांदगांव जिले में 1 लाख 73 हजार परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से लाभान्वित किया गया है। शासन द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 अंतर्गत राजनांदगांव जिले को 5618 नग गैस कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उज्जवला कनेक्शन धारकों को हर महीने गैस रिफिलिंग पर सब्सिडी भी दी जाती है। मिली जानकारी के अनुसार एक रिफिलिंग के पीछे इन परिवारों को करीबन 364 रुपए की सब्सिडी मिली है। ऐसे में उज्जवला कनेक्शन धारकों को अब सिलेंडर 573 की जगह 633 रुपए प्रति रिफिलिंग के लिए खर्च करने पडेंगे।

## बुकिंग के नियम भी बदले अब 26 दिन बाद डिलीवरी

**राजनांदगांव।** वैश्विक युद्ध और तेजी से बदल रहे हालात का असर अब रसोई तक पहुंचने लगा है। गैस कंपनियों ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के नियमों में बदलाव करते अंतिम डिलीवरी के बाद अगली बुकिंग के लिए 26 दिन का अंतराल अनिवार्य कर दिया है। अभी तक यह सिर्फ 21 दिन का था। इसका सीधा असर अविभाजित जिले के करीब साढ़े पांच लाख घरेलू गैस उपभोक्ताओं पर पड़ेगा।

नियम बदलने के बाद अब उपभोक्ताओं को पांच दिन अधिक इंतजार करना पड़ेगा। गैस कंपनियों का तर्क है कि वैश्विक युद्ध और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गैस सप्लाई चेन पर बढ़ते दबाव के कारण यह फैसला अस्थायी तौर पर लिया गया है। वैश्विक हालात सामान्य होने पर इसमें बदलाव किया जा सकता है। ज्ञात हो कि समय अवधि में तीसरी बार इजाफा किया गया है। करीबन डेढ़ महीने पहले जारी निर्देश के अनुसार एक सिलेंडर लेने के 15 दिन बाद दूसरा सिलेंडर लिया जा सकता था, जिसे सप्ताहभर पहले बदलकर 21 दिन कर दिया गया था। इसमें अब फिर से पांच दिन का इजाफा करते दो सिलेंडर लेने के बीच 26 दिन की अवधि तय कर दी गई है। इंडियन आयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने नई व्यवस्था के तहत गैस एजेंसियों के सिस्टम में बदलाव कर दिया है।

### ओटीपी आने पर ही सिलेंडर

जहां सिलेंडर की डिलीवरी के बाद दूसरे सिलेंडर की बुकिंग के लिए 26 दिनों का इंतजार अनिवार्य कर दिया गया है। वहीं यह भी नियम बना दिया गया है कि सिलेंडर लेने से पहले संबंधित फोन नंबर पर छह अंकों का ओटीपी भेजा जाएगा। जिसको बताने के बाद ही बुकिंग प्रक्रिया पूरी होगी। हालांकि यह नियम पिछले कुछ महीनों से लागू कर दिया गया है।

# बंजर भूमि को हरियाली में बदला, अब सालाना 5 लाख रुपए की आमदनी

हफीज खान ⏭ राजनांदगांव



महिला दिवस विशेष

किसी कार्य को करने के लिए लगन और मेहनत एक साथ हो जाए तो हर असंभव कार्य संभव हो जाता है। परिवार की जमीन होने के बाद भी कभी आर्थिक रूप से कमजोरी के चलते पूरी जमीन पर खेती करने में सक्षम नहीं होने वाले परिवार की बहू रमोतिन ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर बंजर भूमि से आर्थिक संपन्नता हरियाली ला ली। जिले के छुरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम सागर की रमोतिन ठाकुर एक आत्मनिर्भर कृषक के रूप में आर्थिक रूप से संपन्न हो रही है। पहले रमोतिन भी एक आम गृहणी की तरह ही थी। वह 2017 में वीणा स्वयं सहायता समूह में शामिल हुई। रमोतिन ठाकुर के परिवार में 8 एकड़ जमीन था। जिसमें से 3 एकड़ बंजर पड़ा हुआ था। वह अपनी सास और पति के साथ मिलकर 5 एकड़ में ही कृषि किया करती थी। जिसमें भी सिंचाई का कोई साधन नहीं था। किसानी से उनका आय पूरा नहीं होता था। अपने घर का आय पूरा करने के लिए उनको दूसरे के खेतों में मजदूरी भी करना पड़ता था। अपनी 2 लड़कियों को वह शहर के अच्छे स्कूल में पढ़ाना चाहती थी, जो कि उनके गांव से 25-30 किलोमीटर दूर है, पर आय के साधन के अभाव में सपने साकार नहीं हो पा रहे थे। रमोतिन ठाकुर का कहना है कि उन्होंने बिहान से जुड़कर कृषि सखी का प्रशिक्षण भी लिया। जिसमें उन्हें उन्नत बीज उपचार, जैविक खाद, कीटनाशक, ब्रह्मास्त्र एवं जीवामृत बनाने का प्रशिक्षण मिला, जिसे अब वह स्वयं के खेतों में उपयोग कर रही है।

### ट्रैक्टर सीख खरीदी जमीन

वर्ष 2019 में रामोतिन ने स्वयं ट्रैक्टर चलाना सीखा और अपने 3 एकड़ के बंजर जमीन को कृषि योग्य बना दिया। जिसके बाद 8 एकड़ की खेती से उनकी आय दोगुनी होने लगी। इसके बाद उन्होंने 2 एकड़ और जमीन खरीदा और उन्होंने अपने खेत में बोर खनन करवाया। उनके आम बगीचा में 20 से भी ज्यादा पेड़ लगे हैं। जिनसे उनकी सालाना आय 1 लाख से भी ज्यादा हो रही है। आज वह स्वयं से खेती कर सालाना 5 लाख की आय अर्जित कर रही है। इसके अलावा गाय, भैंस एवं मुर्गियों का पालन भी शुरू कर दिया है।

### बंजर भूमि पर शुरू की खेती

महिला समूह से जुड़ने के बाद रमोतिन में नया आत्मविश्वास बढ़ा। उन्होंने सोचा कि 3 एकड़ की बंजर भूमि पर भी खेती का कार्य शुरू कर 8 एकड़ में खेती करके वह आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो सकती है। इस सोच को लेकर रमोतिन आगे बढ़ी। शुरू में कुछ कठिनाइयां हुई। अपने खेत में काम करने के लिए उन्हें कई दिनों तक बाहर से किराये का ट्रैक्टर लिया, फिर एक दिन उन्होंने समूह के दीदियों से सलाह लेकर बैंक से लोन लेकर स्वयं का ट्रैक्टर खरीदा, लेकिन समस्या यहां खत्म नहीं हुई। अब इस ट्रैक्टर को चलाने के लिए ड्राईवर रखना पड़ा। ट्रैक्टर ड्राईवर को महीने का 12000 वेतन देना पड़ता था, फिर रामोतिन ने सोचा कि अगर वह स्वयं ट्रैक्टर चलाना सीख जाए तो अपने खेतों में कभी भी काम कर सकती है और दूसरा रुपयों की बचत भी होगी।

# 38 डिग्री पार तापमान, मार्च में ही मई जैसी तपिश! प्रदेश में सबसे गर्म नांदगांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस बार कड़ाके की ठंडी के बाद अब सूर्य की तपिश देखने को मिल रही है। अभी मार्च महीना शुरू ही हुआ है, लेकिन अभी से ही अंचल में मई जैसा तापमान देखने को मिल रहा है। अचानक तापमान में इतनी वृद्धि से लोगों की सेहत पर असर हो रहा है। वहीं रात का पारा भी अब चढ़ने लगा है। जिसके चलते रातों से भी ठंड पूरी तरह गायब हो गई है। हालांकि अगले सात दिनों तक तापमान में इजाफा की संभावना नहीं जताई गई है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उड़ीसा और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। यहीं से एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश तक उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसके प्रभाव के चलते प्रदेश में कल 8 मार्च को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अगले चार दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इस अवधि में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक फिलहाल मौसम के दो सिस्टम एक्टिव है, लेकिन इनका छत्तीसगढ़ में बारिश की संभावना पर अभी कोई खास असर देखने को नहीं मिल रहा है। आने वाले दिनों में भी प्रदेश में मौसम शुष्क बने रहने की संभावना जताई गई है।

## मार्च में ही पारा 40 डिग्री के पार जाने की संभावना



### प्रदेश में सबसे गर्म


मौसम विभाग द्वारा प्रदेश के शहरों के तापमान की रोजाना जारी किए जाने वाली जानकारी के अनुसार रविवार को 38 डिग्री अधिकतम तापमान के साथ राजनांदगांव जिला प्रदेश में बाकी सभी शहरों से गर्म रहा। राजनांदगांव के बाद जगदलपुर का पारा 37.3, रायपुर का अधिकतम पारा 36 और दुर्ग का तापमान 35 डिग्री के करीब रहा। राजनांदगांव में तापमान सामान्य से पांच डिग्री तक अधिक पर बना हुआ है।

### सामान्य से अधिक पर तापमान

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अंचल का अधिकतम तापमान शनिवार को 38 डिग्री सेल्सियस पर रहा। यहां सामान्य से लगभग पांच डिग्री तक अधिक है। वहीं अगले चार दिनों में यह तापमान 39 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। इसके अलावा जिले का न्यूनतम तापमान 18 डिग्री के करीब है। यह सामान्य तापमान पर बना हुआ है।

### इस बार सताएगी गर्मी! मार्च में ही 38 पर पारा

मार्च के पहले सप्ताह में ही तापमान 38 डिग्री पर पहुंचने से मौसम विभाग का मानना है कि इस बार गर्मी का असर अधिक देखने को मिलेगा। अप्रैल महीने से पहले ही अधिकतम तापमान 40 डिग्री को पार कर सकता है। ऐसे में इस बार की गर्मी काफी सताने वाली हो सकती है। ज्ञात हो कि पिछले साल भी अंचल में गर्मी के दिनों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के करीब तक जा पहुंचा था। इस बार इसको भी पार करने की आशंका बनी हुई है।









## हौसलों से मिली उड़ान

### श्रुति बनी महिलाओं की सशक्त आवाज



**डोंगरगांव।** सामाजिक, राजनीतिक परिवेश के बीच नगर के प्रतिष्ठित एवं पुराने दवा कारोबारी दादूप्रसाद लखन प्रसाद शुक्ला परिवार में जन्मी श्रुति शुक्ला बीते कुछ सालों में अपनी एक अलग राह बनाते हुए कांग्रेस और महिलाओं की आवाज बनकर उभरी है। नगर के सरकारी स्कूल, कॉलेज में शिक्षा हासिल करने के बाद बीते कुछ सालों से कांग्रेस की राजनीति में सक्रिय सुश्री शुक्ला वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की मीडिया पैनलिस्ट है। वह क्षेत्र की पहली ऐसी महिला है जो इस पद तक पहुंचने में सफल हुई है और विभिन्न चैनलों सहित अन्य प्रचार माध्यमों में कांग्रेस का पक्ष पूरी मजबूती से रख रही है साथ ही विभिन्न मौकों पर सड़क पर आकर दमदार विपक्ष की भूमिका निभा रही है।

### चुनौतियों ने पहुंचाया शिखर तक



जीवन की चुनौती पर जीत हासिल कर आगे बढ़ने के मजबूत इरादे ने सदर लाइन में खेलने कूदने वाली स्मृति वर्मा को डाक्टर बनने के मुकाम तक पहुंचा दिया है। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवा के दौरान डा वर्मा के पिता दिलीप वर्मा सदर लाइन में किराए के मकान ने निवास करते थे। इसी दौरान श्री वर्मा की अकस्मात मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में ला दिया था। गहरे आघात से उबर कर परिवार को एक बार खड़े करने की बड़ी चुनौती को स्वीकार कर स्मृति ने आगे बढ़ने का निश्चय किया और पढ़ाई में कड़ी मेहनत करते हुए बीडीएस की डिग्री हासिल करने के बाद एमडी कर दंत चिकित्सक के रूप में प्रैक्टिस करने के साथ पारिवारिक दायित्व का निर्वहन कर रही है।

### सफलता रोक नहीं सकी बंदिशें



इरादे मजबूत और लक्ष्य निर्धारित हो तो विपरीत परिस्थितियाँ भी अपना रास्ता बदल लेती है जिसका जीवंत उदाहरण सीए हीना मंगल जैन है, जिन्होंने सामाजिक सीमाओं और पारिवारिक परंपराओं के बीच अपने सपनों को साकार किया। घर से बाहर रहकर पढ़ाई कराने के पक्ष में परिजन नहीं थे किन्तु हीना ने प्रत्येक सेमेस्टर में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर की मेरिट सूची में स्थान बनाया। वह असाधारण प्रतिभा और परिवार के समर्थन से चार्टड एकाटेंट बनने में कामयाब हुई। प्रतिष्ठित एचडीएफसी बैंक में प्रबंधक पद का दायित्व संभालने के बाद अब एक मां और चार्टड एकाउंटेंट की भूमिका सफलता पूर्वक निभा रही है।

### शिक्षा ने दी जीवन को नई दिशा



एक पड़ाव में ठहरने के बजाए संभावनाओं की ओर बढ़ा जाए तो आगे बढ़ने के रास्ते खुद ब खुद बनते जाते है। हाईस्कूल तक पढ़ाई के बाद शादी के बंधन में बंधकर पारिवारिक दायित्व निभाने के साथ शिक्षा को आगे बढ़ने का हथियार बनाने वाली सपना भारद्वाज शिक्षक बनकर बच्चों में शिक्षा का प्रकाश प्रज्जवलित कर रही है। उन्होंने शादी के बाद बारहवीं, डीएड, स्नातक, हिंदी अंग्रेजी में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल करने के साथ बीएड किया। उन्होंने आवागमन सुविधा विहीन कटेगाटोला और उमरवाही में सेवा दी। वर्तमान में प्रधानपाठक के दायित्व के साथ पारिवारिक और सामाजिक सरोकार के काम सफलता पूर्वक कर रही हैं।

## दिन-रात खुला रहता है गेट, बोर की चोरी

# देखरेख के अभाव में कृष्ण कुंज बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पूर्ववर्ती सरकार की महत्वाकांक्षी कृष्ण कुंज योजना के तहत 16 लाख से अधिक की राशि की लागत से गंडई कालेज और 132 केवी स्टेशन के पास कृष्ण कुंज बनाया गया था। शुरुवात में इसका रख रखाव वन विभाग द्वारा किया जा रहा था। समय पर खोलने और पौधों को पानी देने सहित साफ सफाई की कवायद की जा रही है किन्तु अब उक्त कृष्ण कुंज नगर पंचायत और वन विभाग की आपसी खींचतान और अनदेखी की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है।

जानकारी के अनुसार 19 अगस्त 2022 को जन्माष्टमी के अवसर पर बड़े उत्साह के साथ कृष्ण कुंज लोकार्पित किया गया था। यह उद्यान अब बर्बादी की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। हैरानी की बात यह है कि लोकार्पण के वर्षों बाद भी इस उद्यान का भविष्य फाइलों में कैद है।




### चोरी हो गया बोर, प्यासे हैं पौधे

कृष्ण कुंज की स्थिति इतनी खराब होते जा रही है कि उद्यान का गेट 24 घंटे खुला रहता है, जिससे मवेशियों से पेड़ो को खतरा हो रहा है। देखरेख के अभाव में उद्यान में लगा बोर की चोरी हो चुकी है। अब पौधों को पानी देने के लिए कोई सुविधा नहीं है। सैर-सपाटे के लिए आने वाले लोग यहाँ प्लास्टिक और कचरा छोड़ रहे हैं, जिससे कृष्ण कुंज प्रदूषित हो रहा है। यहां न घास है और न फूलदार पौधे। तत्कालीन जनप्रतिनिधियों ने अपनी निधि से खेलकूद का सामान और कुर्सियां तो लगवाईं, लेकिन रखरखाव शून्य होने के कारण अब भगवान भरोसे हैं।

### छात्र और बुजुर्ग परेशान

छात्र और सुबह सैर करने वाले वरिष्ठ नागरिक के लिए यही एकमात्र सहारा था लेकिन फालतू के झाड़ियों और गंदगी के बीच यहाँ बैठना मुश्किल हो गया है। समय रहते प्रशासन ने सुध नहीं लिया तो लाखों की लागत से बना कृष्ण कुंज भी अन्य मृत प्राय गार्डनों की तरह इतिहास का हिस्सा बन जाएगा।

### प्रक्रिया अब तक अपूर्ण

मुख्य नगर पंचायत अधिकारी अविनाश देवांगन ने बताया कि कृष्ण कुंज को हैंडओवर करने की प्रक्रिया पांच साल से अटकी है। फाइल देखकर ही सही जानकारी दे पाऊंगा।

### सालों बाद हैंडओवर नहीं

सूत्रों के मुताबिक वन विभाग ने इसे नगर पंचायत को सौंपने की कवायद तो की, लेकिन भौतिक सत्यापन न होने के कारण हैंडओवर करने की प्रक्रिया अब तक अटकी हुई है। अब इस बात को लकर असमंजस की स्थिति बनी है कि कृष्ण कुंज की देखभाल कौन करेगा? प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण कृष्ण कुंज की सुध लेने वाला कोई नही है। गेट 24 घण्टे खुला रहता है। लोग यहां शराब पीने लगे हैं जिसके कारण गंदगी फैल रही है।

## जिला संयोजक बने दीपक सिन्हा



**राजनांदगांव।** भाजपा के शिक्षा प्रकोष्ठ जिला राजनांदगांव के जिला संयोजक पद पर दीपक सिन्हा की नियुक्ति होने पर जिले के सामाजिक, राजनीतिक एवं प्रबुद्धजनों में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कलार समाज सहित अनेक सामाजिक संगठनों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर समाजजनों ने कहा कि श्री सिन्हा के नेतृत्व में शिक्षा प्रकोष्ठ विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को प्रभावी रूप से उठाएगा तथा समाज के युवाओं को मार्गदर्शन देने का कार्य करेगा। दीपक सिन्हा को बधाई देने वालों में रवि सिन्हा, रमेश सोनवानी, शिव बालक सिन्हा, विजय सिन्हा, तारकेश सिन्हा, संजय सिन्हा, लता सिन्हा, गरुड़ सिन्हा, बालकृष्ण सिन्हा, अनिल सिन्हा, देवव्रत सिन्हा, जितेंद्र सिन्हा, गोपाल सिन्हा, परमेश्वर सिन्हा, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक शामिल हैं।

## जंगलों में इमारती वृक्षों की बेधड़क कटाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

होली के दो दिन पहले से उपवन मंडल के जंगलो से अवैध कटाई होने की जानकारी मिली है।

परिक्षेत्र अधिकारी के मुख्यालय में नहीं रहने से उत्तर बोरतलाव के खुर्सीपार, कोलारघाट, घोटिया, रानीगंज, तोतलभर्री, करेला, भंडारपुर से सागौन सहित अन्य इमारती प्रजातियों के वृक्षा की कटाई की गई है। वहीं इस अवधि में आरा मशीनों में जंगल से लाई गई लकड़ी को काटकर बाहर भेज दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि फर्नीचर के व्यवसाय में लगे लोग नीलामी से जितनी लकड़ी लेते है उससे कई गुना अधिक लकड़ी के फर्नीचर बनाकर बेच देते है। यह लोग जंगल से अवैध रूप से काट कर लाई गई लकड़ियों का उपयोग फर्नीचर बनाने के लिए करते है। इसी प्रकार जंगलो में अवैध ईंट भटठों का संचालन कर जंगल के हरे भरे वृक्षों को काट कर खपाया जा रहा है।

### वन्य पशुओं का शिकार

जानकारी के अनुसार मुढीपार, घोटिया, तोतलभर्री, भंडारपुर क्षेत्र में जंगली जानवरों का शिकार कर उनका मांस बेचने की शिकायत मिली है। क्षेत्र में कोटरी, नीलगाय, जंगली सुअर आदि का मांस बेचा जा रहा है।

## टेट पर अफसरों ने मांगा सुझाव



**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा ने सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, संचालक लोक शिक्षण से मुलाकात की विभागीय सीमित शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करने की मांग की है। गत दिनों छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने अधिकारियों से टीईटी के संबंध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित निर्णय के आलोक में चर्चा की थी। चर्चा के दौरान अधिकारियों ने टेट परीक्षा देने वाले सहायक शिक्षक व शिक्षकों की संख्या, टेट के बिना शिक्षक संवर्ग पर दुष्प्रभाव पर चर्चा किया था। अधिकारियों ने विभागीय टेट परीक्षा के संबंध में टीचर्स एसोसिएशन से विस्तृत सुझाव प्रस्तुत करने कहा।

## मेंटल हेल्थ और गेम्स ऑफ लाइफ पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 'मेंटल हेल्थ एवं गेम्स ऑफ लाइफ' विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों और शिक्षकों को मानसिक संतुलन, सकारात्मक सोच तथा जीवन की चुनौतियों का सामना करने प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर एवं मुख्य अतिथि डॉ. मोना माखीजा शासकीय कमला राठी महिला महाविद्यालय द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती पूजन के साथ किया गया। प्राचार्य ने मुख्य अतिथि का पौधा भेंटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सहायक प्राध्यापक मधुबाला श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त करते भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकगण एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।



### मानसिक स्वास्थ्य जरूरी

प्राचार्य डॉ. कौर ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षणार्थियों के लिए मानसिक संतुलन बनाए रखना समय की आवश्यकता है। भविष्य में एक सशक्त शिक्षक की भूमिका निभा सकें। मुख्य वक्ता डॉ. मोना माखीजा ने 'गेम्स ऑफ लाइफ' की अवधारणा को स्पष्ट करते सकारात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता और दैनिक जीवन में संतुलित दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने आत्मविश्वास की कमी, परीक्षा संबंधी तनाव और युवाओं में बढ़ती मानसिक चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षणार्थियों के प्रश्नों का समाधान भी किया गया।

## अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक मदद



**छुरिया।** नगर के वार्ड 13 मठपारा निवासी प्रभु राम मंडावी नामक युवक का गत दिनों निधन हो गया। वह वार्ड की एक बंद दुकान के सामने लगे शेड के नीचे रात बिताया करता था। वह शराब दुकान के आसपास से खाली शीशी इकठ्ठा करने के बाद उसे बेच की जीवकोपार्जन कर रहे थे। उसकी मृत्यु की जानकारी मिलने पर अंतिम क्रियाकर्म के लिए जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने मृतक की भाभी को 5000 नगद दिया।

### जस गायन स्पर्धा 22 से

**एलबी नगर।** जय चांदी पाठ सांई सेवा ग्वाल जस पचरा सेवा भजन मंडली चांदो के तत्वावधान में आगामी 22 से 24 मार्च तक जस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष बरमदास साहू, सचिव देवकुमार साहू, कोषाध्यक्ष जनकलाल साहू एवं सदस्य गणेशराम भोयर, राकेश साहू, हंसराज भोयर, राकेश ऊके, मन्नुलाल साहू, अमन साहू, मुकेश साहू, टोकेश साहू, मनोज साहू हैं।

### निधन



**स्वप्नकुमार चक्रवर्ती**

**डोंगरगढ़।** आदर्श नगर निवासी स्वप्न कुमार चक्रवर्ती का आकस्मिक निधन हो गया है। निधन पर परिवार सहित सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

## एनपीपीएसए में ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल के केजी-2 के बच्चों का ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन उत्साह के माहौल में 28 फरवरी को नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग स्कूल में संपन्न हुआ। सेरेमनी का आरंभ संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र में दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम में केजी-2 के बच्चों को शाला द्वारा विशेष वेशभूषा पहनाया गया। आयोजन में इन छोटे बच्चों द्वारा अंग्रेजी व हिन्दी में भाषण एवं गीत भी प्रस्तुत किए गए। उक्त भाषण एवं गीतों को कक्षा शिक्षिकाओं द्वारा पंक्तिबद्ध एवं स्वरबद्ध किया गया था। उक्त गीतों में मात-पिता तुम्हें वंदन व हिन्दी महीनों के नामों की संगीतमय



प्रस्तुति सुन पालक भावविभोर हो उठे। उक्त कार्यक्रम एनपीपीएस बल्देवबाग एचएम वैशाली सिंग के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें डायेक्टर कुंतल बाजपेयी, रेणु बाजपेयी, प्राचार्य आरती पिल्लई, शिक्षकगण एवं स्टाफ ने अपनी सहभागिता निभाई। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

### योजनाओं पर डाला प्रकाश

संस्था के डायरेक्टर श्री बाजपेयी द्वारा बच्चों को केजी-2 से क्लास-1 में जाने पर शुभकामनाएं एवं अशीर्वाद दिया गया। श्री बाजपेयी ने पालकों का आभार जताते पालकों को आश्वस्त कराया कि संस्था सदैव आपके बच्चों का उचित मार्गदर्शन एवं शिक्षा के साथ संस्कार देने हेतु पूर्ण जिम्मेदार रही है और रहेगी। नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों का समग्र विकास व गुणवत्ता एवं संस्कारयुक्त शिक्षा का उचित वातावरण शाला द्वारा दिया जाएगा। आयोजन में पालकों में हर्ष का माहौल देखते ही बना। इस सफल आयोजन के लिए श्री बाजपेयी ने शाला टीम की सराहना की।

## साहू समाज के सम्मेलन में विषमता दूर करने पर जोर

### समाज में जा रहा अच्छा संदेश



**डोंगरगढ़।** तहसील स्तरीय पढबो पढाबो- समाज ल आगु बढाबो अभियान के तहत कोलिहापुरी मंडल के नवागांव, उरईडबरी में सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ कर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आरती किया गया।

संचालन करते हुए मंडल अध्यक्ष अश्वनी साहू ने कहा कि साहू समाज में पहली बार ऐसा कार्यक्रम देखने को मिल रहा है जिसका अच्छा संदेश समाज जा रहा है। तहसील अध्यक्ष गिरवर साहू ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक समाज के नियमावली को पहुंचाना हमारा कर्तव्य है ।असमानता की वजह से समाज में विषमता देखा जा रहा है जिसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान कमलेश साहू, रामाधीन साहू, पवन साहू, समारू साहू, होलेराम साहू, सरपंच मदन देवांगन सहित अन्य उपस्थित थे।

## लोक संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखने का माध्यम

# फाग प्रतियोगिता में दिखी सांस्कृतिक झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

होली के अवसर पर विभिन्न ग्रामों में फाग गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम अरसीटोला, कोकपुर, सांगिनकछार तथा अन्य गाँवों में आयोजित फाग प्रतियोगिता कार्यक्रमों में शामिल होकर श्री गांधी ने पारंपरिक फाग गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। उन्होंने कलाकारों की सराहना करते हुए युवाओं को नशा मुक्ति का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि फाग प्रतियोगिता हमारी लोक संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे आयोजन होने से आपसी भाईचारा, प्रेम और सांस्कृतिक विरासत मजबूत होती है। इस दौरान



भाजपा एसटी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष कपिलदेव पडोती, जनपद सभापति विवेक मंडावी, मनीष पटेल, मोहन पटौती, लोकचंद मंडावी, योगेश पटौती, देवेन्द्र पटेल, नेमीचंद सिन्हा, देवा साहु, डॉ.संतोष सिन्हा, धर्मेन्द्र तिवारी, कमल साहु, पुरुषोतम यादव, सागर वर्मा, वीरसिंग चन्द्रवंशी, जीतेन्द्र सिन्हा, टीकम पटेल, टीकम मंडावी, कृपाराम, मन्नू कोर्राम, शिव यादव, आदि ने प्रतिभागियों, आयोजकों का उत्साहवर्धन किया।

### खुशियों का प्रतीक है होली

**छुरिया।** बोईरडीह, जरहामहका, भोलापुर, हैदलकोड़ो, पदगुड़ा, खुर्सीपार, घुपसाल, बेलरगोंदी में गत दिनों फाग महोत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, जिपं सभापति बीरम मंडावी, भाजपा अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, उत्तरा निषाद, भेषबाई साहू शामिल हुए। इस मौके पर श्री सिन्हा कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह प्रेम, भाईचारे, एकता और खुशियों का प्रतीक है। होली यह संदेश देता है कि जीवन में चाहे



कितनी भी कठिनाइयाँ क्यों न आएँ, अंत में जीत अच्छाई की ही होती है। श्रीमती साहू ने पानी की बचत करने पर जोर दिया। इस अवसर पर आलोक मिश्रा, चंद्रिका वर्मा, राजेश्वर ध्रुवे, नैनसिंह पटेल, टीकम साहू, टुमन सेन, होम साहू, सेवाराम सिन्हा, सोहन साहू आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### ग्रामीणों के साथ खेली होली



जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु ने ग्राम अरसीटोला, कोकपुर, बम्हनीभाटा, खम्हेरा, तिलईरवार, तेंदुनाला एवं दर्राबांधा में आयोजित फाग महोत्सव में भाग लेकर ग्रामीणों के साथ होली की खुशियां साझा की। इस मौके पर श्रीमती यदु ने कहा कि होली का पर्व भारतीय संस्कृति की खूबसूरती को दर्शाता है। होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे, प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है। अंत में श्रीमती यदु ने क्षेत्रवासियों को होली की बधाई देते हुए सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# अभी से गर्मी दिखाने लगी तीखे तेवर

- दोपहर को सड़क पर सन्नाटा
- गर्मी से बच्चे हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

होली के बाद गर्मी अपने तीखे तेवर दिखाने लगी है। लोगों का घर से बाहर निकलना कम हो गया है जिसके चलते बारह से शाम पांच बजे तक सड़क सूनी रहती है।

बच्चों को गर्मी के बीच स्कूल जाकर परीक्षा देना पड़ रहा है। कुछ बच्चों का कहना है कि उनका पेपर अच्छा नहीं जा रहा है वहीं कुछ नपे



परीक्षा का समय दोपहर के बजाय सुबह रखने का सुझाव दिया। स्कूल प्रबंधन ने जरूरत को देखते हुए ठंडे पानी की व्यवस्था की है। व्यापारी तिलक साहू, देवेन्द्र गुप्ता, तोमन साहू ने गर्मी को देखते हुए आमजनों से ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की सलाह दी है। उन्होंने बच्चों से मौज मस्ती बंद कर अधिक से अधिक समय घर पर बिताने कहा है। गर्मी के चलते बाजार में सन्नाटा देखा जा रहा है। व्यापारी इन दिनों दुकान में बैठकर लूडो, कैरम आदि का आंनद ले रहे हैं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### मंदिर परिसर का किया शुद्धिकरण

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी एवं दुर्गा प्रसाद तिवारी अभिषेक चौबे ने बताया कि श्रीराम



जानकी बाला बाबा मंदिर सोनारपारा राजनांदगांव छत्तीसगढ़ में चंद्रग्रहण के अवसर 6.47 के पश्चात मंदिर परिसर में सभी ओर गंगा जल से शुद्धिकरण किया गया। तत्पश्चात भगवान लक्ष्मीनारायण, राधाकृष्ण, राम-सीता, लक्ष्मण, गोपाल का महाअभिषेक व श्रृंगार किया गया। महाआरती कर भक्तों को प्रसादी वितरण किया गया। उक्त अवसर पर अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी, वैभव निर्वाणी, रुचि नामदेव, विरेन्द्र यादव, नेहा यादव, शकुंतला परिहार, पूजा श्रीवास्तव, रुपमति निर्वाणी, मोहंती निर्वाणी, साकेत ज्ञानेश्वर वैष्णव, सतीश तिवारी, दिलीप कुमार वैष्णव, युगल किशोर वैष्णव, आकाश शर्मा, उषा श्रीवास्तव, प्रकाश, अखिलेश, अरुण भास्कर, अनिल नागवंशी के अलावा अन्य लोग उपस्थिति रहे। उक्त जानकारी वैभव निर्वाणी एवं तारक निर्मोही ने दी।

### होली मिलन समारोह आज

**राजनांदगांव।** जिला संयुक्त सेवा भजन मानस मंडल के तत्वावधान के अंतर्गत होली मिलन समारोह का आयोजन कल 8 मार्च को स्थानीय शिव मंदिर सारथीपारा में रखा गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मनसुख सोनकर द्वारा किया जाएगा। संघ के संगठन सचिव मोहनलाल सेन ने अपील करते कहा कि संघ के समस्त मंडली के उस्ताद, मंत्री एवं सभी सदस्यगण अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। उक्त जानकारी संघ के सचिव अशोक सारथी ने दी।

### होली मिलन के साथ विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित

**राजनांदगांव।** साहू समाज कन्हारपुरी महिला प्रकोष्ठ द्वारा 5 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में होली मिलन के साथ-साथ विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओ (कुर्सी दौड़, बलून दौड़, एक माचिस की तिली से अधिक से अधिक मोमबत्ती जलाना) का आयोजन किया गया। जिसमें समाज की महिलाओं द्वारा बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया गया। प्रतिभागी विजेता महिलाओं को समाज के महिला पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी पूर्णिमा साहू, जिला साहू सह- संगठन सचिव जमुनादेवी साहू, महिला उपाध्यक्ष नगर साहू संघ अनीता साहू, नगर महिला प्रकोष्ठ सदस्य मंजू रानी साहू व कार्यक्रम संचालन कान्हरपुरी महिला प्रकोष्ठ कार्यकारणी अध्यक्ष एवं साहू नगर महिला संगठन सचिव रेवती साहू, उपाध्यक्ष कमलेश्वरी साहू, सचिव निर्मला साहू, उपसचिव पिंकी साहू, संरक्षक केसरी साहू, अर्चना साहू, प्रतिभा साहू, चमेली साहू, संगीता साहू, सुनीता साहू, पूजा साहू, केसरी साहू, भोमिन साहू, अर्चना साहू, प्रतिभा साहू, कौशल्या साहू एवं साहू समाज की महिलाएं शामिल रही।

### 37 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

**राजनांदगांव।** छात्र युवा मंच राजनांदगांव एवं बालाजी ब्लड बैंक राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में होली अवसर और पूर्व सांसद



अभिषेक सिंह, युवा उपसरपंच भागवत वर्मा तथा शा.क.उ.मा. विद्या.अनंतपुर जिला कोंडागांव में पदस्थ प्राचार्य दिलीप कोमरे के जन्मदिवस के अवसर पर खैरागढ़ के सुजल फिटनेस जिम में रक्तदान एवं ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 37 रक्तदाताओं ने अपना योगदान कर युवा पीढ़ी को रक्तदान के प्रति जागरूक किया। छात्र युवा मंच का यह 142वां रक्तदान शिविर था। छात्र युवा मंच के संयोजक नागेश यदु रक्तवीर (52 बार रक्तदान) ने छात्र युवा मंच की सफलता का श्रेय समस्त पदाधिकारियों और सदस्यों को दिया। नागेश ने कहा कि छात्र युवा मंच की सेवा भावना कार्य निरंतर चलती रहेगी। शिविर प्रभारी साहिल जंघेल, शहर अध्यक्ष छात्र युवा मंच और सुजल फिटनेस जिम के संस्थापक सुजल महोबे ने रक्तदाताओं के योगदान को सराहा और आगे भी ऐसे आयोजन करते रहने का आश्वासन दिया। छात्र युवा मंच के सदस्य बालकृष्ण कोमरे ने अपने पिता दिलीप कोमरे के जन्मदिन पर आयोजित शिविर में 21 वर्ष की उम्र में अपना पहला रक्तदान किया। बालकृष्ण ने कहा कि रक्तदान "नर सेवा नारायण सेवा है" हमें अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना, रक्तदान करने से जरूरतमंद की मदद व स्वयं को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है। छात्र युवा मंच विगत 13 वर्षों से ऐसे आयोजन निरंतर करते आ रही है। शिविर में बालाजी ब्लड बैंक के संचालक धनेश जंघेल, शरद वैष्णव, योगेश जंघेल, साहिल जंघेल, राधेश्याम जंघेल, बालकृष्ण कोमरे, गितेश देवांगन व आदर्श यादव मौजूद रहे। छात्र युवा मंच द्वारा प्रत्येक रक्तवीरों को हेलमेट व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### भाईदूज पर भगवान श्री चित्रगुप्त की हुई महाआरती

**राजनांदगांव।** जमातपारा स्थित स्थानीय श्री चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ



सभा-कायस्थ समाज राजनांदगांव द्वारा भाईदूज के अवसर पर भगवान श्री चित्रगुप्त की आरती, फूलों की होली और महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के कायस्थजन उपस्थित थे। कायस्थ सभा-कायस्थ समाज द्वारा भाईदूज के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष लक्की श्रीवास्तव, सचिव शरद श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव व आनंद श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अखलेश श्रीवास्तव और महिला अध्यक्ष प्रतिमा अवनिंद्र कुमार लाला का परिचय सुरेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा समाज के सभी सदस्यों से कराया गया। श्री चित्रगुप्त की आरती उपरांत समस्त चित्रांशजनों द्वारा फूलों की होली खेली गई और महाप्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष लक्की श्रीवास्तव ने बताया कि मंदिर खुलने का समय बढ़ा दिया गया है। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग अपनी सुविधानुसार मंदिर आकर दर्शन लाभ ले सकते हैं। सचिव शरद श्रीवास्तव द्वारा बहुत जल्द वरिष्ठजनों के अनुमोदन उपरांत कार्यकारिणी जारी करने की घोषणा की। पूर्व अध्यक्ष जयनारायण श्रीवास्तव द्वारा मंदिर विस्तार हेतु पच्चीस हजार रुपए एवं डॉ. महेश श्रीवास्तव द्वारा ग्यारह हजार रुपए दान देने की घोषणा की गई। वरिष्ठजन इंदू श्रीवास्तव, उषा श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन लाला द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया। उषा श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष महिला विंग शशिबाला श्रीवास्तव ने नवीन पदाधिकारियों को श्रीफल देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते सम्मान किया।

कार्यक्रम में पुष्पा श्रीवास्तव, मधुबाला श्रीवास्तव, अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, पोपटलाल श्रीवास्तव, अशोक बालाजी, रोहणीकांत श्रीवास्तव, अवधेश श्रीवास्तव, अशोकादित्य श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, सतीश श्रीवास्तव, रत्नेश श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव सहित अन्य चित्रांशजन उपस्थित थे।

### विशेषज्ञों ने दिया प्रशिक्षण, 7 विषयों पर हुआ मंथन

# एआई से मजबूत होगा भाजपा संगठन संभागीय कार्यशाला में दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की संभागीय कार्यशाला शनिवार को राजनांदगांव में आयोजित हुई। राजनांदगांव विधानसभा के ग्राम ठेकवा स्थित सचिता लॉन में आयोजित कार्यशाला में दुर्ग संभाग के 8 जिले के लगभग डेढ़ सौ अपेक्षित पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यशाला में संगठन, सरकार और चुनावी रणनीति पर मंथन करते कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर जोर दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान विकास, विचारधारा, नमो एप, सोशल मीडिया और एआई आधारित सरल एप के जरिये कार्यकर्ता तंत्र को तकनीकी रूप से सशक्त कर राष्ट्र के समक्ष उभरती चुनौतियों से निपटने की व्यापक रणनीति तैयार की गई। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते सत्र अध्यक्ष यशवंत जैन ने कहा कि प्रशिक्षण सतत प्रक्रिया है। जिससे कार्यकर्ताओं का बौद्धिक और वैचारिक विकास होता है। अध्यक्षता डॉ. अवधेश जैन प्रदेश संयोजक प्रशिक्षण विभाग भाजपा ने की। श्री जैन ने पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण महाअभियान की रूपरेखा, उद्देश्य और कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी दी।



#### माल्यार्पण के साथ हुआ शुभारंभ

समापन सत्र में नंदन जैन प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा ने शिरकत की। यह सत्र जिज्ञासा और समाधान विषय पर आधारित रहा। कार्यशाला का शुभारंभ मां भारती के सामने दीप प्रज्ज्वलन और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के माल्यार्पण के साथ हुआ।

#### ट्रेनिंग अभियान का हिस्सा

कार्यक्रम का संचालन करते जिला महामंत्री सौरभ कोठारी ने बताया कि ट्रेनिंग क्लास दीनदयाल महा प्रशिक्षण अभियान का हिस्सा है। जिसमें इस ट्रेनिंग सत्र में ट्रेंड हुए नेता और ट्रेनर आगे जिलों में जाकर मंडल स्तर बूथ लेवल तक के कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग देंगे।

#### वक्ताओं को किया प्रशिक्षित

कार्यशाला के दूसरे चरण में प्रेमप्रकाश पांडे ने वैचारिक अधिष्ठान, संदीप शर्मा अध्यक्ष खाद्य आयोग ने इतिहास एवं विकास, जगन्नाथ पाणिग्रही प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने कार्य विस्तार की दृष्टि विषय पर प्रशिक्षण दिया। इसी तरह नवाचार के विषय सोशल मीडिया, एआई विषय पर सोमेश पांडे पूर्व प्रदेश संयोजक सोशल मीडिया ने वक्ताओं को प्रशिक्षित किया। इसके अलावा प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव ने सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन विषय पर ट्रेनिंग दी। वर्कशॉप में बूथ प्रबंधन पर सांसद संतोष पांडे ने संभाग के वक्ताओं को प्रशिक्षण दिया।

#### मजबूती ही राष्ट्र निर्माण का आधार

कार्यशाला की प्रस्तावना जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने रखी। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण पर विशेष जोर देती है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही राष्ट्र निर्माण का आधार है। प्रशिक्षण, अनुशासन और समर्पण के साथ हम सब मिलकर विकसित छत्तीसगढ़ एवं सशक्त भारत के संकल्प को साकार करने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

## सनातन एकता यात्रा निकलेगी 18 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सनातन महासभा सेवा परिवार सर्व हिन्दू समाज द्वारा हिन्दू नववर्ष के पूर्व संध्या 18 मार्च को बालाजी मंदिर गंज लाइन में दोपहर 3.30 बजे सनातन एकता यात्रा धूमधाम से निकालने हेतु सभी धार्मिक व सामाजिक संगठनों से मिलने व सनातन एकता यात्रा धूमधाम से निकालने छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने प्रभारी संयोजक मंडल का प्रभार सौंपा है।

जिसमें राकेश ठाकुर, मुकेश चौबे, सौरभ खंडेलवाल, शिव वर्मा, संजय अग्रवाल, मनोज शुक्ला, विलास राव, महेश शर्मा, पंकज गुप्ता, दिनेश वैष्णव यह सभी सनातन एकता के प्रभारी, सनातन एकता यात्रा, आमंत्रण देने हेतु सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से सादर आमंत्रण देते सभी से ज्यादा से ज्यादा संख्या में आने की अपील कर रहे हैं।

इस अवसर पर सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया कि इस सनातन एकता यात्रा का यह 5वां वर्ष है। इस एकता यात्रा में निकालने का एक ही उद्देश्य है। हमें सभी सनातनी बंधुओं को किसी भी जातिवाद में नहीं बंटना है।

उपरोक्त जानकारी सनातन धर्म के नवयुवक मंडल अध्यक्ष सौरभ खंडेलवाल ने दी।

## अनेक मंचों पर रजनी का सम्मान

**राजनांदगांव।** स्पीच थैरेपी विशेषज्ञ एवं स्पेशल एजुकेटर रजनी राठी को समाजसेवा और विशेष बच्चों के विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दो अलग-अलग कार्यक्रमों में सम्मानित किया गया। उन्हें माहेश्वरी महिला मंडल प्रादेशिक सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान प्रदान किया गया। अतिथियों ने रजनी राठी के प्रयासों की सराहना करते कहा कि वे विशेष बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।



लाहोटी मित्र मंडल रायपुर द्वारा आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में भी रजनी राठी को सम्मानित किया गया। स्पीच थैरेपी और स्पेशल एजुकेशन के माध्यम से बच्चों को नई दिशा देने के प्रयासों को प्रेरणादायक बताया गया। समाज में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ विशेष बच्चों और उनके अभिभावकों को नई उम्मीद दे रहे हैं।

## कर्मा जयंती पर निकलेगी मोटर साइकिल रैली

**राजनांदगांव।** साहू समाज द्वारा पापमोचनी एकादशी तिथि पर संत शिरोमणि भक्त कर्मा माता की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई जाती है। इसी कड़ी में जिला साहू संघ द्वारा इस वर्ष 22 मार्च को डोंगरगांव में जिला स्तरीय कर्मा जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा तथा 15 मार्च को कर्मा जयंती पर साहू सदन में स्थित कर्मा माता की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पूजा-अर्चना कर हवन-यज्ञ होगा।

जिला साहू संघ के साहू सदन में छत्तीसगढ़ साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू की मौजूदगी एवं जिलाध्यक्ष भागवत साहू की उपास्थि में गुरुवार को जिला साहू संघ के साहू



सदन में आवश्यक तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला महामंत्री नीलमणी साहू, नगर साहू संघ अध्यक्ष राजेश साहू, तहसील साहू संघ अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, पूर्व कोषाध्यक्ष विवेक साहू, पूर्व नगर अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, मीडिया प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता अंकालू साहू सहित जिलेभर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक का श्रीगणेश कर्मा माता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। बैठक की अध्यक्षता करते प्रदेशाध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने कहा कि 22 मार्च को जिला स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव डोंगरगांव में वृहद रूप से मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी बैठक आहुत की गई है। बैठक में कर्मा जयंती समारोह मनाने हेतु कार्यक्रम प्रभारियों की नियुक्ति की गई है और उनके द्वारा जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी गई है। जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि प्रदेश साहू संघ से मिले निर्देशानुसार कर्मा जयंती महोत्सव 22 मार्च को बड़े पैमाने पर डोंगरगांव में आयोजित है। कर्मा जयंती महोत्सव में सीएम विष्णुदेव साय, विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित कई वीआईपीजनों को आमंत्रित किया जा रहा है।

## एमएसएमई सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एमएसएमई विकास संस्थान रायपुर द्वारा कैट राजनांदगांव के सहयोग से प्रोक्योरमेंट एवं मार्केटिंग सपोर्ट विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन 6 मार्च को शाम 6 बजे एबिस ग्रीन राजनांदगांव में किया गया। कार्यक्रम में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए लगभग 200 व्यापारियों और उद्यमियों ने भाग लेकर केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और डिजिटल प्लेटफॉर्म की जानकारी प्राप्त की।

#### कार्यक्रम की शुरूआत

कार्यक्रम की शुरूआत एमएसएमई असिस्टेंट डायरेक्टर योगेश कुमार ने की। उन्होंने अतिथियों का स्वागत करते मंच पर आमंत्रित किया। इस अवसर पर एमएसएमई डायरेक्टर लोकेश परघनिया, जॉइंट डायरेक्टर कोलकाता बिधान दास, सीनियर मैनेजर कौशिक मित्रा, असिस्टेंट डायरेक्टर योगेश कुमार, अभिजीत रथ, अंकुर मोंडल, अनुदा शुक्ला, समीरन मित्रा, मोहम्मद अली हिरानी जिला प्रभारी, कैट अध्यक्ष राजेश कुमार डागा (राजू), राजेश जैन सीए, भावेश अग्रवाल और संजय तेजवानी मंचासीन रहे।

#### योजना में 90 प्रतिशत तक सब्सिडी

कार्यक्रम में कैट के प्रदेश एमएसएमई प्रभारी मोहम्मद अली हिरानी ने कहा कि एमएसएमई विभाग के माध्यम से व्यापारियों और उद्यमियों के लिए कई लाभकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि



क्लस्टर योजना के अंतर्गत कॉमन फैसिलिटी सेंटर स्थापित करने लगभग 70 प्रतिशत तक सेंट्रल गवर्नमेंट सब्सिडी प्रदान की जाती है और 10 से 20 प्रतिशत तक राज्य शासन से मिलता है। उन्होंने कहा कि एक ही प्रकार के व्यापार से जुड़े लोग मिलकर कंपनी बनाकर इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

#### विशेषज्ञों ने दी जानकारी

एमएसएमई डायरेक्टर लोकेश परघनिया ने विभाग की विभिन्न योजनाओं और उनके लाभों की जानकारी दी। तत्पश्चात विभिन्न विषयों पर आए विशेषज्ञों ने प्रस्तुति के माध्यम से विस्तृत मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में बालोद जिला, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, महाराजपुर, छुरिया, चौकी और बांधा सहित विभिन्न क्षेत्रों से व्यापारी शामिल हुए। इसमें पोहा मिल, राइस मिल संचालक, ठेकेदार, महिला कारोबारी, सीए, वकील तथा जिला उद्योग केंद्र से जुड़े प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

## पुलिस की कर्तव्यनिष्ठा प्रशंसनीय : अरूण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हिन्दू समाज द्वारा इस राजनांदगांव में होली पर्व उत्साह और उमंग से



मनाया गया। कोई भी अप्रिय घटना नहीं दिखाई दी, ना ही सुनाई दिया। पूरा पर्व प्रेम व शांति से संपन्न हुआ। इस पर विश्व हिन्दू परिषद् विधि प्रकोष्ठ के प्रांत प्रमुख अरूण कुमार गुप्ता ने कहा कि इसका सबसे बडा श्रेय जिला पुलिस प्रशासन को जाता है, क्योंकि इस पर्व के पहले ही बहुत बरीकी से इसकी तैयारी पुलिस कप्तान और अधिकारी द्वारा की गई थी।

पुलिस जवानों ने 3 से 4 दिन लगातार दिन-रात देखे बिना कानून व्यवस्था को बनाए रखने मेहनत किया, जो प्रशंसा योग्य है। अरूण गुप्ता ने विश्व हिन्दू परिषद् के विधि प्रकोष्ठ की ओर से जिला पुलिस प्रशासन की कप्तान व सभी वरिष्ठ, कनिष्ठ और कर्तव्यनिष्ठ जवानों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नगर निगम में महिलाओं का सम्मान आज

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कल 8 मार्च को नगर निगम द्वारा पुष्पवाटिका योगा हॉल में 11 बजे से महिलाओ का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह महिला सम्मान समारोह के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर दीप प्रज्जवलन कर सम्मान समारोह का शुभारंभ करेंगे।

प्रथम सत्र में स्वच्छता रखे हर पल सुरक्षित रहेगा कल विषय पर सारगर्भित उद्बोधन देकर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह द्वारा स्वच्छता दीदी का काम कर बीएसएफ में चयनित सरस्वती साहू को सम्मानित करेगी। इसी प्रकार अधिकार जानो विषय पर अपना उद्बोधन देकर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा रेलवे थाना प्रभारी तरूणा साहू को पंडवानी गायकी के लिए सम्मानित किया जाएगा। स्वस्थ महिला समृद्ध परिवार सशक्त भारत विषय पर अपना उद्बोधन देकर राजनांदगांव मेडिकल कालेज की विभाग अध्यक्ष डॉ. ज्योति जितेन्द्र यादव द्वारा केंसर वारियर सिद्धी मिरानी का सम्मान किया जाएगा। साथ ही शिक्षित महिला आत्मनिर्भर महिला विषय पर अपना उद्बोधन देकर विधि डायग्नोस्टिक की पैथोलाजिस्ट डॉ. विधि मोदी द्वारा जेसीबी चालक दम्यंती सोनी को सम्मानित किया जाएगा। महापौर ने बताया कि महिला सम्मान समारोह के द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव तथा अध्यक्षता सांसद संतोष पाण्डे करेंगे। साथ ही छग पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, छग श्रम कल्याण मण्डल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, छग बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, कृषि उपज मंडी के पूर्व उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक उपाध्यक्ष भरत वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### गंडई सीएमओ को अब नहीं संभालना होगा खैरागढ़ की कमान

# सीएमओ को दोहरे प्रभार से मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

खबर का असर

नगर पंचायत गंडई में पिछले कई महीनों से व्याप्त प्रशासनिक अव्यवस्था और ठप पड़े विकास कार्यों के खिलाफ हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से उठाई गई आवाज का बड़ा असर हुआ है। शासन ने जनभावनाओं और नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो के कड़े विरोध को संज्ञान में लेते हुए खैरागढ़ नगर पालिका के लिए पृथक सीएमओ की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं। इस निर्णय के बाद अब गंडई के सीएमओ अविनाश देवांगन अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होकर पूर्णकालिक रूप से गंडई को समय दे सकेंगे।

गंडई की समस्याओं को लेकर हरिभूमि ने लगातार अभियान चलाया जिसमे 26 फरवरी को हरिभूमि ने प्रशासनिक अनदेखी की भेंट



सीएमओ के दो स्थानों पर प्रभार दिए जाने से प्रशासनिक अव्यवस्था

भड़के गंडई नगर पंचायत अध्यक्ष निकाय में ताला जड़ने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

अध्यक्ष ने व्यवस्था पर उठाए गंभीर सवाल

प्रशासनिक अनदेखी की भेंट चढ़ा नगर पंचायत गंडई

साजिश या प्रशासनिक लापरवाही

ताला जड़ना एकमात्र विकल्प

चढ़ा नगर पंचायत गंडई शीर्षक से खबर प्रकाशित कर बताया कि कैसे सीएमओ को खैरागढ़ का प्रभार देने से स्थानीय कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। खबर के बाद 27 फरवरी को स्थानीय राजनीति गरमाई और अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने निकाय में ताला जड़ने की चेतावनी देते हुए शासन को ज्ञापन सौपा। जिस पर हरिभूमि द्वारा भड़के नगर पंचायत अध्यक्ष निकाय में ताला जड़ने की दी चेतावनी शीर्षक के साथ खबर का प्रकाशन किया गया।

#### हित में शासन का फैसला

लगातार दबाव और समाचारों के प्रकाशन के बाद, होली पर्व के तत्काल बाद 5 मार्च को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के उप सचिव ने नयाबाराद्वार में पदस्थ पुनीत राम वर्मा को खैरागढ़ नगर पालिका का नया सीएमओ नियुक्त करने का आदेश जारी कर दिया। इस आदेश के साथ ही गंडई नगर पंचायत को प्रभारी राज से मुक्ति मिल गई है।

2 मार्च को चेतावनी के अनुरूप अध्यक्ष, पार्षदों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विश्राम गृह से नारेबाजी करते हुए नगर पंचायत कार्यालय के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर दी। घंटों चले हंगामे के बाद एसडीएम अविनाश ठाकुर ने मौके पर पहुंचकर आश्वासन दिया। 3 मार्च को हरिभूमि ने अव्यवस्था के खिलाफ भड़का आक्रोश, नगर पंचायत कार्यालय में जड़ा ताला शीर्षक से जनता की पीड़ा को प्रमुखता से साझा किया।

## हर 9 और 24 तारीख को स्वास्थ्य शिविर

**राजनांदगांव।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत जिले में गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व देखभाल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच, उपचार एवं परामर्श प्रदान करना है। अभियान अंतर्गत उन महिलाओं की जांच की जाती है, जिनका पहला प्रसव ऑपरेशन से हुआ हो, पहले गर्भपात या मृत शिशु का जन्म हुआ हो, जिनका वजन व ऊंचाई कम हो, कम उम्र में गर्भधारण किया हो, गंभीर एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह या किसी अन्य गंभीर बीमारी से ग्रसित महिलाओं हेतु सोनोग्राफी जांच कराए जाने की सलाह दी गई। गर्भवती महिलाओं की निदानिक स्थिति के अनुसार उचित देखभाल संभव हो सके।


सुमीत बाजार
Women's Day
Celebration Offer
8th to 12th
MARCH 2026
Happy Womens Day
महिला दिवस का
खास तोहफ़ा
NAUTICA
24" प्रीमियम ट्रैवल सूटकेस
MRP. ₹11,999/- ₹1999/-
NAUTICA
4 पीस सेट
प्रीमियम क्वालिटी ट्रैवल कोम्बो
MRP. ₹9999/- ₹1699/-
GIORDANO
कॉलेज एवं ऑफिस उपयोगी बैगपैक
MRP. ₹2499/- ₹399/-
LAWMAN Pg3
किंग साईज डबल बेडशीट सेट
MRP. ₹1899/- ₹499/-
DREAMLINE essentials
MICROFIBER DISH DRYING MAT
ड्रीमलाईन माइक्रो फाईबर डिशमैट
MRP. ₹159/- ₹9/-
यह ऑफर ₹699 की खरीदी पर है
ऑफर स्टॉक रहने तक
ऑफर में दिखाये गये चित्र मात्र सांकेतिक है
नियम व शर्तें लागू.
सुमीत मंडी परिसर, बसंतपुर रोड, राजनांदगांव


सुमीत बाजार
Women's Day
Celebration Offer
8th to 12th
MARCH 2026
Happy Women's Day
महिला दिवस का
खास तोहफ़ा
NAUTICA
24" प्रीमियम ट्रैवल सूटकेस
MRP.
₹11,999/- ₹1999/-
NAUTICA
प्रीमियम क्वालिटी ट्रैवल कोम्बो
4 पीस सेट
MRP.
₹9999/- ₹1699/-
GIORDANO
कॉलेज एवं ऑफिस उपयोगी बैगपैक
MRP.
₹2499/- ₹399/-
LAWMAN Pg3
किंग साईज डबल बेडशीट सेट
MRP.
₹1899/- ₹499/-
DREAMLINE essentials
ड्रीमलाईन माइक्रो फाईबर डिशमैट
MRP.
₹159/- ₹9/-
यह ऑफर ₹699 की खरीदी पर है
ऑफर स्टॉक रहने तक
ऑफर में दिखाये गये चित्र मात्र सांकेतिक है
नियम व शर्तें लागू.
लोहारा रोड, कवर्धा

**सौगात:** पाण्डातराई से फास्टरपुर तक निर्माण के लिए 33 करोड़ रुपए की मिली सौगात

# विधायक भावना के प्रयास से सड़क निर्माण कार्य की मिली स्वीकृति


हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा



भाजपा की डबल इंजन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में हर गांव और नगर में विकास की तेज रफ्तार से क्षेत्रवासी लाभांवित हो रहे है। जिस पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के अथक प्रयास से पंडरिया विधानसभा क्षेत्रवासियों के बहुप्रतिक्षित मांग होली पर्व के शुभ अवसर पर पूरी हुई। जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत पाण्डातराई से फास्टरपुर मार्ग कुल लम्बाई 29 किलो मीटर सड़क निर्माण हेतु 33 करोड़ रुपए प्रशासकीय स्वीकृति मिली।

उक्त सड़क निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति मिलने पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा का भाजपा मण्डल कुण्डा एवं क्षेत्रवासियों ने आभार व्यक्त किया। जिसमें ओम यदु, सुरेश दुबे, बालमुकुंद चंद्रवंशी, रामस्वरूप साहू, दिनेश मिश्रा, मनहरण साहू, सुमन गुप्ता, विकास पाण्डेय, राजेश्वरी धृतलहरे महेंद्र धृतलहरे, कृष्णा चंद्राकर, ध्वजाराम चंद्राकर, संतोष चंद्रवंशी, अमन खनूजा, हरेंद्र कश्यप, सूरज यादव, गणेश यादव, रमन खनूजा, गणेश सोलंकी, साहेब लाल सोनवानी, शशांक शर्मा सहित भाजपा मण्डल कुण्डा के कार्यकर्ताओं एवं ओबीसी मोर्चा किसान मोर्चा, महिला मोर्चा, अजा मोर्चा, अजजा मोर्चा, युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधायक भावना बोहरा का आभार व्यक्त किया।

**क्षेत्रवासियों को आवागमन में मिलेगी सुविधा**



बताया जाता है कि इस बहुप्रतिक्षित सड़क निर्माण से पाण्डातराई, डोंगरिया कला, मोहगांव, प्रतापपुर, जंगलपुर, पेंड्रीकला, रापा, कुण्डा, केसली, माराडबरी, लालपुर, फास्टरपुर सहित आसपास के दर्जनों ग्रामों के रहवासियों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। इस सड़क निर्माण से जिले से सीधा कान्हा-केसली, जबलपुर, मण्डला मार्ग को जोड़ेगी। इस सड़क निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां को बढ़ावा मिलेगी शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यवसाय व किसानों को सुव्यवस्थित सड़क सुविधा और शहरों से कनेक्टिविटी सुनिश्चित कर क्षेत्र की प्रगति होगी।

# क्षेत्र के गली-मोहल्ले की स्थिति बदहाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत घोरपेंड्री के आश्रित ग्राम बसनी में गली-मोहल्लों की हालत बेहद खराब हो गई है। यहां का सीसी रोड पूरी तरह से चिकनाहट में तब्दील हो चुका है, जिससे ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर आना-जाना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि पानी लगातार बहते रहने के कारण सड़क पर फिसलन हो गई है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। खासकर बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे इस रास्ते से गुजरते समय डर महसूस करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत के सरपंच को पदभार संभाले लगभग एक वर्ष हो चुका है, लेकिन अब तक ऐसी छोटी-छोटी मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। जबकि शासन द्वारा पंचायतों को 16वें वित्त आयोग के तहत मूलभूत सुविधाओं के लिए फंड भी दिया जाता है, ताकि गांव में सड़क, नाली और अन्य आवश्यक कार्य किए जा सकें। इसके बावजूद ग्राम बसनी के गली-मोहल्लों की समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क और नाली की व्यवस्था नहीं की गई, तो फिसलन के कारण किसी भी समय दुर्घटना हो सकती है। ग्रामवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द सड़क और नाली की व्यवस्था कराई जाए, ताकि गांव के लोगों और राहगीरों को आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# मरपा में तीन दिवसीय सतनाम मेले में गुंजा बाबा गुरु घासीदास के सतनाम का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर



जिला मुख्यालय से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत मरपा में सतनाम समाज द्वारा तीन दिवसीय सतनाम मेला का धार्मिक आयोजन किया गया। जिसमें बाबा गुरु घासीदास की बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया, मानव मानव एक समान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 5 से 7 मार्च तक आयोजित इस तीन दिवसीय धार्मिक सतनाम मेले में युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा के चरणों में वंदन कर पूजा-अर्चना किया। तत्पश्चात सभा कों संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक एकता, भाईचारा और गुरु घासीदास बाबा के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए, सभी उनके बताए रास्ते पर चले। उन्होने उपस्थित जनसमुदाय का आत्मीय स्वागत और स्नेहपूर्ण सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में सतनाम समाज के अनुयायी तथा आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थें साथ ही महंत छड़ीदार-भंडारी राजू मिरज, शिवा बंजारे, गिरधर लहरे, कपिल सहित समाज के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

# पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस की नई कार्यकारिणी घोषित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया की नई कार्यकारिणी की सूची जारी होने के बाद ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू ने बैठक आयोजित कर नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए बधाई दी। यह कार्यकारिणी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन तथा प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री मलकित सिंह गैंदू की अनुशंसा पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर की सहमति से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल द्वारा जारी की गई। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू ने कहा कि ब्लॉक संगठन के सभी पदाधिकारी कांग्रेस पार्टी को मजबूत और सक्रिय बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे तथा पार्टी की विचारधारा के अनुरूप आम जनता तक पहुंचकर जनहित के मुद्दों को उठाएंगे। उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी सभी वर्गो को साथ लेकर चलने वाली समावेशी टीम के रूप में तैयार की गई है। कार्यकारिणी की घोषणा के बाद 5 मार्च को ही ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा बैठक लेकर नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी गई। बैठक में क्षेत्रीय एवं जनहित के मुद्दों को लेकर 14 मार्च को दोपहर 1 बजे पंडरिया के गांधी चौक में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। जारी सूची के अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया में जुगल किशोर पांडेय को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। उपाध्यक्ष पद पर संतोष चन्द्रवंशी, बाबूलाल साहू, साधु कोठारी, नंदकुमार चन्द्रवंशी, खोवाराम भास्कर और पंचराम पटेल को जिम्मेदारी दी गई है। महामंत्री के रूप में लक्ष्मीनारायण साहू, राजकुमार अनंत, संजू तिवारी, शैलेन्द्र गुप्ता, परस पडवार, राकेश चन्द्राकर, शिव गायकवाड़ और शिवकुमार मरावी को शामिल किया गया वहीं सचिव पद पर सलीम खान, कामता ध्रुव, सूर्या ठाकुर, रवि चन्द्राकर, तिरिथ साकत, गौतम जायसवाल, रामकुमार साहू, रोहित चन्द्राकर, भरत यादव और विनेन्द्र कुमार अनंत को जिम्मेदारी सौंपी गई है साथ ही कार्यकारिणी सदस्य ममता शर्मा, विद्या साहू, अंजू वर्मा, संध्या ध्रुव, धानवाई निर्मलकर और सरिता यादव को शामिल किया गया है।

## युवा मोर्चा मंत्री नीलेश गुप्ता ने प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया से की मुलाकात



**हरिभूमि कवर्धा।** भाजयुमो मण्डल कुण्डा नीलेश गुप्ता ने सोमवार को भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया से सौजन्य भेंट-मुलाकात की। विगत दिनों 2 मार्च को युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कवर्धा जिला प्रवास पर रहे, जहां जिले के युवा मोर्चा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का ऐतिहासिक स्वागत किया। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया प्रदेश के सुप्रसिद्ध मंदिर एवं छत्तीसगढ़ के खजुराहो भोरमदेव मंदिर दर्शन एवं पूजा अर्चना करने व युवा मोर्चा द्वारा आयोजित होली-मिलन कार्यक्रम में सम्मिलित होने भोरमदेव पहुंचे थे। वही मण्डल मंत्री युवा मोर्चा मण्डल कुण्डा नीलेश गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया, साथ ही साथ नीलेश गुप्ता ने सौजन्य भेंट-मुलाकात कर कुण्डा मण्डल के राजनीतिक विषयों पर विस्तृत चर्चा कर क्षेत्र के राजनीतिक विषयों पर जानकारी दिए। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

**खबर संक्षेप**

## देवरी स्कूल में होली पर्व कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि पिपरिया।** शासकीय प्राथमिक शाला देवरी संकुल केन्द्र मरका में रंगों का महापर्व होली उत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को जमकर रंग लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। साथ ही साथ सभी छात्र छात्राओं ने शिक्षक शिक्षिकाओं से आर्शीवाद प्राप्त किया। वहीं रंगों का पर्व होली में बच्चों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण पर होता है, इसका उनको वर्षभर से इंतजार रहता है यह हमारा धार्मिक सामाजिक पर्व है, इसमें लोग आपसी मनमुटाव को भूलकर भाईचारे का संदेश देते हैं। उक्त अवसर पर संस्था के प्रधान पाठिका श्रीमती हेमलता शर्मा, शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

# गजानंद माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय में रासेयो की बी-सर्टिफिकेट परीक्षा आयोजित

- युवाओं को नशा से दूर रहने का आह्वान किया।


हरिभूमि न्यूज ⏭ स/लोहारा



शासकीय गजानंद माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में रासेयो की बी-सर्टिफिकेट परीक्षा आयोजित की गई। शिक्षा द्वारा समाज सेवा एवं समाज सेवा द्वारा शिक्षा ही राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य है। स्वयंसेवक दो वर्षो तक एनएसएस में रहकर गतिविधियों में हिस्सा लेता है एवं समाजसेवा द्वारा स्वयंसेवक अपने व्यक्तित्व का विकास करता है, यही राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य है। उपरोक्त विचार बेमेतरा एवं कबीरधाम जिला की रासेयो जिला संगठक एवं सहसपुर लोहारा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ केएस परिहार के थे, शासकीय गजानंद माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में राष्ट्रीय सेवा योजना की बी-सर्टिफिकेट परीक्षा के पूर्व रासेयो के राजनांदगांव के पूर्व जिला संगठक डॉ सुरेश पटेल ने स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा के लिए शपथ दिलाई एवं भारत को विकसित एवं परम वैभवशाली राष्ट्र बनाने हेतु प्रेरित किया।

बी-सर्टिफिकेट परीक्षा के बाह्य परीक्षक के रूप में उपस्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर के व्याख्याता एएलटी-स्काउट मास्टर हेमधर साहू ने बताया कि महाविद्यालय के अध्ययनरत स्वयंसेवक दो वर्षो में 240 घण्टे अथवा ए- प्रमाण पत्र धारी महाविद्यालयीन स्वयंसेवक 120 घण्टे अनिवार्य गतिविधियां व सेवाकार्य करता है, तब ही वह बी-सर्टिफिकेट की परीक्षा का पात्र होता है, जिनकी लिखित एवं मौखिक परीक्षा उपरांत सफल स्वयंसेवकों को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ संजय तिवारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र प्रदान किए जायेंगे। रासेयो में हॉयर सेकेण्डरी स्कूल स्तर में ए (A) तथा महाविद्यालय स्तर में बी व सी प्रमाण पत्र प्रदाय किए जाते हैं। सहसपुर लोहारा महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक संदीप सोनकर ने गुटखा खाओ, गाल गलाओ के नारें से युवाओं को नशा से दूर रहने का आह्वान किया।

## अशोका पब्लिक स्कूल की खेल शिक्षिका मीरा साहू भारतीय टीम में शामिल



**हरिभूमि कवर्धा।** कबीरधाम जिले के लिए गर्व की बात है कि अशोका पब्लिक स्कूल की खेल शिक्षिका मीरा साहू का चयन थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय इंडिया–थाईलैंड बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज के लिए हुआ है। 10 से 16 मार्च तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में मीरा साहू भारतीय टीम का हिस्सा बनकर देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनके चयन से विद्यालय परिवार के साथ-साथ जिले में भी खुशी का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह प्रतियोगिता भारतीय बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वाधान में आयोजित की जा रही है, जिसमें भारत और थाईलैंड की टीमें आमने-सामने होंगी। भारतीय टीम में छत्तीसगढ़ से मीरा साहू का चयन होना जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। दिल्ली के विकासपुरी मैदान में 8 नवंबर को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय चयन ट्रायल के आधार पर मीरा साहू को टीम में स्थान मिला। इस ट्रायल में देश के विभिन्न राज्यों से कुल 173 महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच मीरा ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल और शानदार प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया और भारतीय टीम में जगह बनाने में सफल रहीं। वे 9 मार्च को थाईलैंड के लिए रवाना होंगी।

# बैंक का लगा रहे चक्कर 3 महीने से नहीं मिला वृद्धावस्था पेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कुआंमालगी निवासी ग्रामीण हितग्राही गोपाल दास पिता भीखा दास को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण गरीब हितग्राही गोपाल दास पिछले तीन माह से वृद्धा पेंशन नहीं मिलने के कारण काफी परेशान हैं और लगातार बैंक के चक्कर लगाने को मजबूर हो रहे हैं।

हितग्राही गोपाल दास ने बताया कि वे एक गरीब मजदूर हैं और उनका जीवन-यापन मुख्य रूप से मिलने वाली वृद्धा पेंशन पर ही निर्भर है। लेकिन पिछले तीन महीनों से पेंशन की राशि उनके खाते में नहीं आई है। इस संबंध में वे कई बार बैंक जा चुके हैं और केवाईसी भी पूरा करा चुके हैं, फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि होली जैसे बड़े त्यौहार के समय भी उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आर्थिक तंगी के कारण उन्हें इधर-उधर से पैसे उधार मांगने पड़े, लेकिन कई लोगों ने मदद करने से भी मना कर दिया। हितग्राही गोपाल दास का कहना है कि वृद्धा पेंशन की राशि से ही उनके घर का चूल्हा जलता है और दैनिक खर्च चलता है। उन्होने बताया कि उन्हें भूमिहीन मजदूरों के लिए मिलने वाली राशि का लाभ भी नहीं मिल पाया है। ऐसे में उनकी आर्थिक स्थिति और भी कमजोर हो गई है।

हितग्राही गोपाल दास ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि उनके मामले की जांच कर जल्द से जल्द तीन माह से लंबित वृद्धा पेंशन की राशि उनके खाते में डाली जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके। वहीं ग्रामीणों का भी कहना है कि शासन की योजनाओं का लाभ समय पर जरूरतमंदों तक पहुंचना चाहिए।

**शिक्षकों ने साझा किया उत्साह और सद्भाव का संदेश**

# मुनमुना संकुल में होली मिलन समारोह आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

पंडरिया विकासखंड अंतर्गत मुनमुना संकुल में शनिवार को होली-मिलन समारोह का भव्य आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे व सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन संकुल समन्वयक रघुनंदन गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कैलाश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि जिस प्रकार होली में विभिन्न रंगों का समावेश होता है, उसी प्रकार एक शिक्षक का दायित्व है कि वह विद्यार्थियों के कोमल मन और मस्तिष्क में ज्ञान और संस्कार के ऐसे रंग भरे जो जीवनभर उन्हें ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक हों। उन्होंने कहा कि शिक्षक का अध्यापन ही वह रंग है जो बच्चों के जीवन को संवारता है और समाज को नई दिशा देता है। वहीं खंड स्त्रोत समन्वयक राम मुरारी यादव ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि भारत जैसी महान भूमि में जन्म लिया है, जहां विभिन्न जाति, समाज और पूजा-पद्धतियों के बावजूद सभी लोग मिलजुल कर त्यौहार मनाते हैं। यही हमारी संस्कृति और संस्कार हमें एक सूत्र में बांधकर रखते हैं। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों में ऐसे संस्कार विकसित करने की बात कही जिससे वे अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कैलाश साहू, खंड स्त्रोत समन्वयक राम मुरारी यादव, संकुल प्राचार्या हेमलता टंडन तथा संकुल समन्वयक रघुनंदन गुप्ता उपस्थित थें साथ ही साथ संकुल के समस्त प्रधान पाठक एवं शिक्षकगण भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उपस्थित शिक्षकों में गणेश राम ध्रुव, धर्मराज वर्मा, चैतराम धुर्वे, लखनलाल चंद्रवंशी, श्यामा मेश्राम, सिद्धराम मंडावी, रामभरोस पटेल, अतुल तिवारी, खडानंद कश्यप, प्रणिता बर्मन, राजेंद्र प्रजापति, नरेश कुमार चेचाम सहित अन्य शिक्षक व संस्था के कर्मचारी उपस्थित थें।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## नितेश टी20 का फाइनल मैच करेंगे कवरेज



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य के क्रिकेट कमेंटेटर एवं खेल समीक्षक नितेश छाबड़ा आज 8 मार्च रविवार को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल मैच को कवर करेंगे। यह मैच भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज शाम 6 बजे से आरंभ होगा। इस मैच को कवर करने के लिए नितेश कल शनिवार की शाम की फ्लाइट से रायपुर से अहमदाबाद के लिए रवाना हुए हैं। ज्ञात हो कि नितेश छत्तीसगढ़ के कुछ गिने चुने खेल समीक्षकों में हैं, जिन्हें आईसीसी से कवरेज के लिए आधिकारिक स्वीकृति मिली है। इसके पूर्व वे 2023 में अहमदाबाद में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच अधिकृत रूप से कवर कर चुके हैं। कवरेज के दौरान उन्होंने देश विदेश के अनेक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ियों से मुलाकात की है। इसके अलावा 2024 में रायपुर में खेले गए छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग, राजनांदगांव में रानी सूर्यमुखी देवी क्रिकेट स्पर्धा सहित कवर्धा प्रीमियर लीग व भोरमदेव प्रीमियर लीग में कमेंट्री कर चुके हैं। इन स्पर्धाओं में उनकी कमेंट्री को पर्याप्त सराहना मिली है।

**कार्रवाई : संभागीय संयुक्त संचालक की जांच के बाद नियम विरुद्ध पाई गई पदोन्नति प्रक्रिया**

# शिक्षा विभाग कवर्धा में दो लिपिकों की पदोन्नति निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शिक्षा विभाग कबीरधाम में लगभग पांच वर्ष पूर्व की गई दो लिपिकों की पदोन्नति को जांच के बाद नियम विरुद्ध पाए जाने पर संभागीय संयुक्त संचालक ने निरस्त कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम द्वारा 27 मई 2021 को एक आदेश जारी कर एक कर्मचारी को सहायक ग्रेड-02 से सहायक ग्रेड-01 के पद पर पदोन्नत किया गया था। बाद में इस पदोन्नति को लेकर शिकायत प्राप्त हुई, जिसके आधार पर मामले की जांच की गई। जांच में सामने आया कि यह पदोन्नति छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग तृतीय वर्ग (लिपिकीय) सेवा भर्ती नियम 2009 के विपरीत दी गई थी। जांच के दौरान पदोन्नति से संबंधित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मूल फाइल में उपलब्ध नहीं पाए गए। पदोन्नति समिति की अनुशंसा, विभागीय कार्यवाही विवरण, जांच प्रतिवेदन तथा रिक्त पदों की स्थिति जैसे आवश्यक दस्तावेज नस्ती में नहीं मिलने से पूरी प्रक्रिया संदिग्ध हो गई। मामले में संबंधित कर्मचारियों एसके निर्मलकर और जेपी बर्वे से भी स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। इसके बाद संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा दुर्ग ने सख्त रुख अपनाते हुए दोनों कर्मचारियों की पदोन्नति को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने का आदेश जारी कर दिया। इस कार्रवाई के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप की स्थिति है और पदोन्नति प्रक्रिया को लेकर कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

### जिले का स्वास्थ्य विभाग भी शक के दायरे में




सूत्रों के अनुसार, कवर्धा के स्वास्थ्य विभाग में भी पदोन्नति को लेकर अनियमितताओं की चर्चा सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि कुछ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को टाइपिंग परीक्षा उत्तीर्ण किए बिना ही सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदोन्नति दी गई है। यदि इस मामले की भी जांच होती है तो वहां भी कई अनियमितताएं उजागर होने की संभावना जताई जा रही है। विभागीय कार्रवाई के बाद अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि संबंधित अधिकारियों की भूमिका की भी जांच होती है या नहीं और भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने व दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- पीड़िता ने थाना पहुंचकर आरोपी के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले की तरेगांव जंगल पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने व दुष्कर्म करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में तरेगांव जंगल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी द्वारा थाना तरेगांव जंगल में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री गत 25 जून 2025 की रात्रि लगभग 10.00 से 11.00 बजे के मध्य घर से बिना बताए कहीं चली गई है, जिसका आसपास एवं रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश किया गया परंतु उसका कोई पता नहीं चल पाया। प्रार्थी को संदेह था कि उसकी नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर कहीं ले गया है। इस रिपोर्ट पर थाना तरेगांव जंगल में अपराध क्रमांक 15/2025 धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पीड़िता अपने परिजनों के साथ थाना उपस्थित हुई, जिस पर महिला अधिकारी द्वारा पीड़िता से पूछताछ कर कथन लिया गया। पीड़िता के कथन के आधार पर ज्ञात हुआ कि आरोपी शत्रुहन करायेत पिता नरेश करायेत उम्र 19 वर्ष निवासी सोनतरा थाना तरेगांव जंगल जिला कबीरधाम द्वारा वर्ष 2024 में पहली बार पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाया गया तथा 25 जून 2025 को उसे बहला-फुसलाकर घर से भगाकर पुणे तथा विशाखापट्टनम ले जाकर कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया गया। मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 87, 64(2)(एम), 65(1) बीएनएस एवं 4(2) पॉक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ी गई। पुलिस द्वारा आरोपी की पतासाजी कर 6 मार्च 2026 को आरोपी शत्रुहन करायेत पिता नरेश करायेत उम्र 19 वर्ष साकिन सोनतरा थाना तरेगांव जंगल जिला कबीरधाम को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण में अन्य गवाहों के कथन एवं विवेचना की कार्यवाही जारी है।

# दो दिवसीय होली मिलन फाग प्रतियोगिता प्रारंभ

## प्रतियोगिता में कई मंडलियां ले रही हिस्सा




- प्रथम विजेता के लिए 11 हजार रूपए का ईनाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

नगर के हिंदू संगम परिसर में दो दिवसीय होली मिलन व फाग प्रतियोगिता का शनिवार को शुभारंभ किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलरामपुर आश्रम से पहुंचे संत रामानंद सरस्वती ने भगवान श्री रामचंद्र के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर होली मिलन समारोह का शुभारंभ किया। इस मौके पर संतश्री ने सनातन संस्कृति व भारतीय परंपराओं के मूल्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम को चंद्रशेखर वर्मा ने कहा हिंदू संगम परिसर में साल भर विविध कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के प्रति जन जागरण, सामाजिक समरसता व शोहद्रता पूर्ण वातावरण स्थापित हो। श्री वर्मा ने कहा सनातन धर्म के प्रति हिंदुओं में आस्था का प्रादुर्भाव करना ही ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

प्रतियोगिता के शुरुआत में ग्राम कुसुमघटा की टीम को पहले मौका दिया गया। टीम ने फाग गीत की शुरुआत गणपति वंदना से की। गणपति वंदना को दर्शकों ने जमकर सराहा। नगाड़े की थाप में मग्न दर्शक अपने आप को झूमने से नही रोक पाए। ये नजारा देर रात तक चलता रहा। फाग प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम को 11 हजार, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार, तृतीय पुरस्कार 5 हजार व चतुर्थ पुरस्कार 3 हजार रुपए नकद दिए जाएंगे।

रानी दुर्गावती जनकल्याण परिषद के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के 15 से अधिक गांव के फाग मंडलियों ने अपना पंजीयन कराया है। जिनके द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ की संस्कृति को गीत के माध्यम से गाएंगे।

# कांग्रेस की राजनीति में अब भूपेश बघेल पिटे हुए मोहरे : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बिहार की राजनीति और नीतीश कुमार पर दिए गए बयान को हास्यास्पद और राजनीतिक दिवालिएपन का प्रतीक बताते हुए कहा कि जिन्हें जनता ने खुद छत्तीसगढ़ से उखाड़ फेंका, वे अब दूसरे राज्यों की सफल रणनीतियों पर ज्ञान बाँट रहे हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि बघेल को बिहार की चिंता छोड़कर अपनी और अपनी पार्टी की चिंता करनी चाहिए।



भाजपा मुख्य प्रवक्ता श्री पाण्डेय ने कहा कि बघेल अपनों को तो एकजुट नहीं रख पाए, और अब नीतीश कुमार जैसे अनुभवी नेता की रणनीतियों पर सवाल उठा रहे हैं, यह 'खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे' जैसा है। नीतीश कुमार ने सुशासन के लिए एनडीए का साथ चुना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में एनडीए एक सशक्त परिवार है। बघेल जिसे 'राजनीतिक जाल में उलझना' कह रहे हैं, वह दरअसल राष्ट्र निर्माण के लिए एकजुटता है, जिसे समझना कांग्रेस के बस की बात नहीं है। एनडीए में नीतीश कुमार को किनारे कर देने की हवा-हवाई बातों पर कटाक्ष करते हुए श्री पाण्डेय ने बघेल को याद दिलाया कि कांग्रेस में अपने नेताओं को किनारे करने का अपना एक काला इतिहास है और ऐसे नेताओं की सूची लम्बी है। छत्तीसगढ़ में ढाई-ढाई साल के फार्मूले का क्या हुआ? टी.एस. सिंहदेव को जिस तरह उन्होंने किनारे किया, उसका जवाब आज भी प्रदेश मांग रहा है।

दरअसल कांग्रेस वह दल है जहाँ प्रतिभा का दमन और परिवारवाद का पोषण होता है। श्री पाण्डेय ने कहा कि बिहार में एनडीए की मजबूती से इंडी गठबंधन ताश के पत्तों की तरह ढह गया है। इसी बौखलाहट में बघेल अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। बघेल को समझना चाहिए कि कांग्रेस की राजनीति में अब वह खुद भी 'पिटे हुए मोहरे' मात्र रह गए हैं।

# महिला के साथ छेड़छाड़ व मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ स.लोहारा



बीते दिनो सोशल मीडिया पर महिला के साथ छेड़छाड़ एवं मारपीट से संबंधित एक वीडियो वायरल होने की जानकारी स. लोहारा पुलिस को प्राप्त होने पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने संबंधित आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक इस घटना के बाद पीड़ित महिला द्वारा थाना स. लोहारा में उपस्थित होकर अपने साथ हुई घटना के संबंध में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया था। प्राप्त आवेदन एवं प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस ने आरोपी दीनानाथ देवांगन पिता धनवा देवांगन, निवासी ग्राम सिल्हाटी, थाना स. लोहारा के विरुद्ध थाना स. लोहारा में अपराध क्रमांक 28/2026 धारा 74, 76, 296, 115(2), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी की पतासाजी की गई तथा 06 मार्च 2026 को आरोपी दीनानाथ देवांगन उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम सिल्हाटी थाना स. लोहारा को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोर एवं त्वरित कार्यवाही की जाएगी। जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय एवं सतर्क है।

# कवर्धा में बनेगा भगवान सहस्त्रबाहू अर्जुन का भव्य चौक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



डड़सेना कलार समाज के आराध्य देव भगवान श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन के भव्य चौक निर्माण के लिए 20 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के गृह एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा तथा नगर पालिका कवर्धा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के विशेष सहयोग से प्राप्त हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डड़सेना कलार समाज द्वारा लोहारा-रायपुर बायपास रोड स्थित तिराहा चौक के पास स्थापित श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन चौक पर ही भव्य चौक का निर्माण किया जाएगा। समाज की लंबे समय से मांग थी कि उक्त स्थान पर चौक का निर्माण कर भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की प्रतिमा स्थापित की जाए, ताकि समाज की आस्था एवं सांस्कृतिक पहचान को सम्मान मिल सके। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति मिलने पर डड़सेना कलार समाज के सामाजिक पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्ष रूपेन्द्र जायसवाल ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से मंत्री विजय शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस स्वीकृति से समाज की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने जा रही है, जिससे समाज में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। समाज के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि भव्य चौक निर्माण एवं प्रतिमा स्थापना के बाद यह स्थान आने वाले समय में जिले की एक महत्वपूर्ण पहचान के रूप में विकसित होगा।

# मंदिर परिसर झिरना में युकां ने चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा द्वारा ग्राम झिरना के धार्मिक मेला स्थल में व्हाइट शर्ट मूवमेंट कार्यक्रम का आयोजन युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा के अगुवाई में किया।

गौरतलब है कि ग्राम झिरना का यह धार्मिक स्थल क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मेला आयोजित किया गया। मेले में दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, मेले के पश्चात परिसर में जगह-जगह कचरा और गंदगी फैल गई थी, जिसे देखते हुए भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने स्वयं पहल करते हुए स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस और क्षेत्रीय कार्यकर्ता झिरना स्थित मंदिर परिसर को झाड़ू लगाकर और कचरा एकत्रित कर पूरे परिसर को स्वच्छ बनाने का प्रयास किया तथा स्वच्छता का संदेश आमजन तक पहुंचाया।

**टीचर्स एसोसिएशन कवर्धा ने विभाग के प्रति जताया आभार**

# एसोसिएशन के विरोध बाद शिक्षक प्रशिक्षण स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष तथा वार्षिक परीक्षा के ठीक पहले आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण का विरोध किए जाने के बाद पंडरिया ब्लॉक में आयोजित मिडिल स्कूल के शिक्षकों के पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण को अंततः स्थगित कर दिया गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार कक्षा छठवीं के पाठ्यपुस्तकों में वर्तमान शिक्षा सत्र 2025-26 से बदलाव किया गया है। शिक्षा सत्र की शुरुवात 16 जून 2025 से हुआ है। ऐसे में नए पाठ्यपुस्तक की समझ हेतु विषय आधारित प्रशिक्षण को वर्तमान शिक्षा सत्र के शुरुवात अर्थात जुलाई-अगस्त 2025 में कराने की आवश्यकता था। पूरा सत्र निकलने के बाद वार्षिक परीक्षा के ठीक पहले प्रशिक्षण से बच्चों को कोई लाभ नहीं मिल पाता। साथ ही वार्षिक परीक्षा की तैयारी भी प्रभावित होता। कोई भी विषय आधारित प्रशिक्षण यथासंभव शिक्षा सत्र के शुरुआत में ही होना चाहिए, ताकि बच्चों को उसका लाभ मिल सके। ज्ञातव्य हो कि टीचर्स एसोसिएशन ने विगत पांच मार्च को डीईओ को पत्र लिखकर शिक्षक प्रशिक्षण स्थागित करने की मांग किया गया था, जिसके बाद यह प्रशिक्षण स्थगित किया गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल, देवानंद चन्द्रवंशी, जयप्रकाश चन्द्रवंशी आदि ने प्रशिक्षण स्थगन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी सहित प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# हथलेवा पहुंची भावना सेवा संस्थान की मोबाइल हेल्थ पैथ लैब



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के हथलेवा ग्राम में हाल ही में एक स्वास्थ्य जांच कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें भावन सेवा संस्थान द्वारा संचालित निः शुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब ने 100 से अधिक ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।


इस लैब के माध्यम से न केवल पंडरिया विधानसभा क्षेत्र, बल्कि जिले के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी लाभ पहुंच रहा है। इस हेल्थ लैब में 20 से अधिक प्रकार के गंभीर और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण उपलब्ध हैं, जिससे ग्रामवासियों को अपने स्वास्थ्य की जांच करवाने में सुविधा मिल रही है। भावना दीदी की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा मिल रहा है और लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

ग्रामीण नागरिकों ने इस कैम्प की सराहना की और इसे आगे भी निरंतर जारी रखने की उम्मीद जताई।




# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

महिलाएं समाज का एक अहम हिस्सा है, लेकिन वक्त के साथ महिलाएं समाज और राष्ट्र के निर्माण का एक अहम हिस्सा बन चुकी हैं। घर-परिवार तक सीमित रहने वाली महिलाएं जब चारदीवारी से बाहर निकल अन्य क्षेत्रों की ओर बढ़ी तो उन्हें अभूतपूर्व सफलता मिलने लगी। खेल जगत से लेकर मनोरंजन तक और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा मंत्रालय तक में महिलाएं न केवल शामिल हैं बल्कि बड़ी भूमिकाओं में हैं। महिलाओं की इसी भागीदारी को बढ़ाने और अपने अधिकारों से अनजान महिलाओं को जागरूक करने व उनके जीवन में सुधार करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एक खास कार्यक्रम है जिसे लोगों के साथ ही व्यापार, राजनीतिक, समुदायिक, शिक्षण संस्थानों, आविष्कारक, टीवी व्यक्तित्व आदि महिला नेतृत्व के द्वारा 8 मार्च को मनाया जाता है। अन्य महिला अधिकारों को बढ़ावा देने वाली क्रिया-कलाप सहित नाश्ता, रात का भोजन, महिलाओं के मुद्दे, लंच, प्रतियोगी गतिविधि, भाषण, प्रस्तुतिकरण, चर्चा, बैनर, सम्मेलन, महिला परेड तथा सेमिनार जैसे विभिन्न प्रकार कार्यक्रम के आयोजन के द्वारा इसे मनाया जाता है। इसे पूरे विश्व भर में उनके अधिकार, योगदान, शिक्षा की महत्ता, आजीविका आदि के मौके के लिये महिलाओं के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिये मनाया जाता है। इस दिवस के अवसर पर महिला शिक्षिका को उनके विद्यार्थियों द्वारा, अपने बच्चों के द्वारा माता-पिता को, बहनों को भाईयों के द्वारा, पुत्री को अपने पिता के द्वारा उपहार अर्थात गिफ्ट् दिया जाता है।

" जीवन की कला को अपने हाथो से साकार कर, नारी ने संस्कृति का रूप निखारा है,
नारी का अस्तित्व ही सुन्दर जीवन का आधार है, महिलाओं को दे शिक्षा का उजियारा,
पढ़-लिख कर करें रोशन जग सारा... ,,

" कभी बहु कभी मां बनकर सबके सुख-दु:ख सहकर
अपने सब फर्ज निभाती है, तभी तो नारी कहलाती है,,































